University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 08 July 2022

## i-NEXT PAGE 4

### वोकेशनल कोर्स मैथ क्लास 11 से

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी के गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग की ओर से यूजी सेकेंड सेमेस्टर में वोकेशनल कोर्स मैथ्स की क्लासेस 11 जुलाई से शुरू होंगी. विभाग की हेड प्रोफेसर पूनम शर्मा ने नोटिस बोर्ड पर इसकी समय सारिणी जारी कर दी है. नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए व बीएससी सेकेंड सेमेस्टर में इस पेपर का नाम एलिमेंट्री नंबर थ्योरी एंड क्रिप्टोग्राफी रखा गया है. इसमें 12वीं में मैथ्स पढ़ चुके स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे. इस विषय की क्लासेस में 60 स्टूडेंट्स की क्षमता निर्धारित की गई है. जो भी छात्र-छात्राएं यह कोर्स विषय वोकेशनल कोर्स के रूप में लेना चाहते हैं, उन्हें समय सारिणी के अनुसार क्लासेस में उपस्थित होना होगा. स्टूडेंट्स निर्धारित समय पर यूनिवर्सिटी आकर क्लास में शामिल हों.

## JAGRAN CITY PAGE IV

### मेधावी छात्र परिषद ने कराया प्रशिक्षण कार्यक्रम

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद ने गुरुवार को पौधारोपण कर 'नर्सरी एवं बोनसाई' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता प्रो. एसएन पांडेय ने पौधों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में चर्चा करते हुए मानव जीवन की प्रकृति पर निर्भरता एवं मूलभूत आवश्यकता से अवगत कराया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अलका मिश्रा, प्रो. अमृतांशु शुक्ला सहित मेधावी छात्र परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। (जासं)

### डा. अभिषेक बने नए प्रोवोस्ट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के शिक्षक डा. अभिषेक कुमार तिवारी को होमी जहांगीर भाभा हास्टल का प्रोवोस्ट बनाया गया है। गुरुवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी किया है। (जासं)

### लवि में रोपे गए पौधे

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग, जनसंख्या शोध केंद्र और इंस्टीट्यूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज की ओर से गुरुवार को पौधारोपण अभियान की शुरुआत हुई। अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल, प्रो. विनोद सिंह, डा. रोली मिश्रा, डा. उर्वशी सिरोही सहित अन्य शिक्षक, एमए के विद्यार्थी व शोधार्थियों ने पीपल, नीम, बरगद और अशोक के पौधे लगाए। (जासं)

### पोर्टल पर अपलोड होगा ब्योरा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2021-22 में संचालित पाठ्यक्रमों की कक्षाओं का विवरण छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड करेगा। इसके लिए सहायक कुलसचिव की ओर से सभी संकायाध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयक को पत्र जारी कर निर्धारित प्रारूप पर सूचनाएं देने के लिए कहा गया है। इसमें पाठ्यक्रम का नाम, उसका प्रकार, विगत वर्ष एवं पाठ्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चौथे व पांचवें वर्ष में संचालित कक्षाओं की संख्या बतानी होगी। विवरण अपलोड भी किया जाएगा। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### विवि-कॉलेजों में पौधरोपण

लखनऊ। लखनऊ विवि में चल रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत बृहस्पतिवार को मेधावी छात्र परिषद द्वारा नर्सरी एवं बोनसाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. एसएन पांडेय ने पौधों की उपयोगिता बताई। अर्थशास्त्र विभाग के पापुलेशन रिसर्च सेंटर में भी विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में पौधरोपण हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्राओं ने पौधे रोपे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HIDUSTAN PAGE 6

### एलयू की परीक्षाओं पर हुआ मंथन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को लेकर गुरुवार को परीक्षा नियंत्रक वीएन त्रिपाठी ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। कई बिन्दुओं पर मंथन हुआ। गुरुवार को कुलपति बाहर गए थे। जब वह लौटेंगे तो एक बार उनके साथ बैठक होगी। उनकी स्वीकृति के बाद ही बैठक में तय किए गए मुद्दों पर फैसला होगा। कुछ विद्यार्थियों ने ट्विटर पर शिकायत की थी कि जो परीक्षाएं होने वाली हैं उनका पाठ्यक्रम अभी पूरा नहीं कराया गया है।

## TRUE TIMES PAGE 2

### मेधावी छात्र परिषद ने पौधारोपण कर 'नर्सरी एवं बोनसाई' प्रशिक्षण का किया आयोजन

टू टाइम्स संवाददाता



लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ' वन महोत्सव सप्ताह ' के अंतर्गत मेधावी छात्र परिषद तथा भूमि एवं उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'नर्सरी एवं बोनसाई प्रशिक्षण ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस एन पाण्डेय, निर्देशक,भूमि एवं उद्यान विभाग ने पौधों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में चर्चा करते हुए मानव जीवन की प्रकृति पर निर्भरता एवं मूलभूत आवश्यकता से अवगत कराया । बोनसाई के बारे में समझाते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार पौधे के दीर्घायु होने के बाद भी उसे छोटे से गमले में संरक्षित कर सकते हैं। इनके रख- रखाव में वातावरण की भूमिका पर ज़ोर दिया । उन्होने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि किस प्रकार मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रकार के पौधे को उपयोगी मृदा में ही रोपित करना चाहिए ।ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए पौधारोपण किस प्रकार सहायक हो सकता है ,आदि विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वातावरण में बदलाव एक प्राकृतिक घटना अवश्य है परंतु हम भी कहीं न कहीं इसके कारक हैं ।

कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्र परिषद के छात्रों ने पौधारोपण किया । कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता छात्रकल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने किया था जिसमे अपर अधिष्ठाता छात्रकल्याण डा अलका मिश्रा एवं प्रो अमृतांशु शुक्ला सहित मेधावी छात्र परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### परीक्षाओं को लेकर लविवि में हुई बैठक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में वृहस्पतिवार को परीक्षाओं को लेकर परीक्षा नियंत्रक वी.एन. त्रिपाठी ने विभागाध्यक्षों के साथ वैठक की। इस दौरान कई विन्दुओं पर मंथन हुआ। अव कुलपति के साथ वैठक होगी तथा उनकी स्वीकृति के वाद वैठक में तय किए गए मुद्दों पर फैसला होगा। ज्ञात हो लविवि के कुछ विद्यार्थियों ने ट्विटर पर शिकायत की थी कि जो परीक्षाएं होने वाली हैं उनका पाठ्यक्रम अभी पूरा नहीं कराया गया है। ऐसे में परीक्षा की तिथि वढ़ाई जाए।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### पौधरोपण के बाद सीखी बोनसाई बनाने की तरकीब

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की मेधावी छात्र परिषद तथा भूमि एवं उद्यान विभाग ने वन महोत्सव सप्ताह के तहत गुरुवार को पौधरोपण के साथ बोनसाई का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। विद्यार्थियों ने तरह-तरह की बोनसाई बनाना सीखी। मुख्य वक्ता भूमि एवं उद्यान विभाग के निदेशक प्रोफेसर एसएन पाण्डेय ने कहा कि मानव जीवन प्रकृति पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि बोनसाई बनाकर पौधे के दीर्घायु होने के बाद भी उसे छोटे से गमले मे संरक्षित कर सकते है। यह भी बताया कि किस प्रकार मौसम को ध्यान मे रखते हुए विशेष प्रकार के पौधे को उपयोगी मृदा में ही रोपित करना चाहिए।